Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 05 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 109 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

गेहूं हम खाते हैं, गुलाब हम सूंघते हैं। एक से शरीर की पुष्टि होती है, दूसरे से मानस तृप्त होता है।

–रामवृक्ष बेनीपुरी

Rhea Chakraborty After IGL Row...

SARAFA

सोना	:	8,930
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती : शाह

NEW DELHI : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। यह बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही। शाह ने कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। नई शिक्षा नीति में भी संस्कृत के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें।

चुनाव आयोग जल्द लॉन्च करेगा 'ईसीआईनेट'

NEW DELHI : चुनाव आयोग (ईसीआई) एक नई डिजिटल पहल के तहत 'ईसीआईनेट' नामक एक सिंगल-पॉइंट प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की तैयारी में है, जो 40 से अधिक मौजूदा वेब और मोबाइल आधारित आईटी ऐप्स को समाहित करेगा। इसमें सीविजिल ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप जैसी ऐप्स शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य नागरिकों, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के लिए एक सुगम, एकीकृत और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव प्रदान करना है। संभावना है कि इसे आने वाले बिहार चुनाव के पहले ही लॉन्च कर दिया जाएगा। ईसीआईनेट को चुनाव संबंधी सभी सेवाओं के लिए एकमात्र सहयोगी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और विभिन्न लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग का कहना है कि प्लेटफॉर्म मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की परिकल्पना है।

एमईएस का सिविल इंजीनियर घूस लेते अरेस्ट

NEW DELHI : सीबीआई ने मिलिटरी इंजीनियर सर्विस (एमईएस) के सिविल असिस्टेंट इंजीनियर कौशलेश कुमार को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ़्तार किया है। साथ ही इंजीनियर के घर पर छापेमारी के दौरान मिले आठ लाख नकद और बैंक खाते में जमा 63 लाख रुपये जब्त किए हैं। गिरफ़्तार इंजीनियर एयरफोर्स स्टेशन दरभंगा में पदस्थापित है। दिल्ली की एक कंपनी ने सीबीआई से इस इंजीनियर के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत दर्ज करायी थी। दर्ज शिकायत में यह कहा गया था कि दिल्ली की कंपनी को दरभंगा में सड़क निर्माण का काम दिया गया था। काम के बदले उसे 29.93 लाख रुपये का भुगतान मिला था। चार लाख रुपये के भुगतान से संबंधित दस्तावेज प्रोसेस करने और कंपनी को पहले किये जा चुके भुगतान को मिला कर इंजीनियर दो लाख रुपये घूस मांग रहा है।

पहलगाम आतंकवादी हमला : 13वें दिन एक और बड़ा एक्शन

भारत ने पाक के लिए चिनाब पर बना बागलीहार डैम का पानी रोका

AGENCY NEW DELHI :

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 13वें दिन रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने एक और बड़ा एक्शन लिया है। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने चिनाब नदी पर बने बागलीहार डैम का पानी रोक दिया है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलीहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। भारत ने यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया है, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी और अधिकतर पर्यटक थे।

गौरतलब है कि बागलीहार डैम पर रन ऑफ द रिवर हाईड्रो पावर प्लांट बनाया गया था। इस डैम से पानी के बहाव को अभी तक रोका नहीं जा रहा था। पानी के बहाव को रोके बिना बिजली पैदा की जा रही थी। सिंधु जल संधि के तहत जिन छह नदियों का जिक्र है, उसमें चिनाब भी शामिल है। यह पश्चिमी नदी है और संधि के मुताबिक इस नदी के पानी का इस्तेमाल भारत हाइड्रो पावर जेनरेशन के लिए कर सकता है। उधर, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले को 13 दिन हो चुके हैं।

11 दिन पहले मोदी सरकार ने सिंधु जल समझौता को कर दिया था सस्पेंड

कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम का पानी रोकने की प्लानिंग

- एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात
- पाक से तनाव के बीच सेना प्रमुखों के साथ लगातार मीटिंग कर रहे पीएम

पंजाब में दो पाक जासूस गिरफ्तार

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच पंजाब पुलिस ने दो पाकिस्तानी जासूस पकड़े हैं। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी भेज रहे थे। इन आरोपियों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं। ये दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आईएसआई से जुड़े हुए थे। आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। अमृतसर रूरल पुलिस जल्द ही इस बारे में और जानकारी देगी।

इमरान-बिलावल का 'एक्स' बैन

भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का 'एक्स' अकाउंट बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत विरोधी गतिविधियों और बयानों को देखते हुए की गई है। इमरान अभी जेल में बंद हैं।

अरब सागर में चल रहा इंडियन नेवी का अभ्यास, अलर्ट जारी

भारतीय नौसेना के अरब सागर में चल रहे अभ्यास के मद्देनजर भारत के समुद्री अधिकारियों ने वाणिज्यिक जहाजों के लिए नेविगेशन चेतावनी जारी की है। नेविगेशन वॉर्निंग अलर्ट भारत के नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस ने जारी किया है, जो भारतीय नौसेना के अधीन काम करता है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक जहाजों को इस क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

असम में अब तक 39 लोग गिरफ्तार

असम में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर अब तक 39 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि देशद्रोहियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त रुख के बीच रेलवे मिलिट्री ट्रेन के परिचालन के लिए तैयार है। रेलवे हर छह मिनट के अंतराल पर सैन्य साजो सामान से लदी ट्रेन चलाने में सक्षम है। आपात स्थिति में यात्री ट्रेनों की टाइमिंग को री-शेड्यूल या रद्द करने का ब्लू प्रिंट तैयार है। रेलवे के एक अफसर का कहना है कि पाकिस्तान की सीमा से लगे ज्यादातर रेलवे रूट पर परिचालन उत्तर रेलवे करता है।

रामबन में खाई में गिरा सेना का वाहन 3 जवानों की मौत

AGENCY RAMBAN :

रविवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में सेना का एक वाहन 600 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में तीन जवानों की मौत हो गई। मृतक जवानों की पहचान अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सेना का वाहन जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। करीब साढ़े 11 बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी खाई में गिर गई। सेना, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर स्थिति को संभाला। बता दें कि शुक्रवार को रामबन में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ था। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते एनएच-44 को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। प्रशासन ने लोगों ने अलर्ट किया था कि हाईवे क्लियर होने की जानकारी मिलने के बाद ही सफर के लिए निकले। इससे पहले 4 जनवरी को बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिरने से 4 जवानों की मौत हुई थी। 2 जवान गंभीर रूप से घायल थे।

जम्मू से श्रीनगर जा रहे जवानों के काफिले का हिस्सा था वाहन

- अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है मृतकों की पहचान
- नेशनल हाईवे 44 पर ड्राइवर ने खो दिया कंट्रोल, 600 मीटर गहरी खाई में गिरी गाड़ी
- दो दिन पहले ही हाईवे पर सफर करने को लेकर जारी किया गया था अलर्ट

8 के बाद फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

5-7 डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा अधिकतम पारा

PHOTON NEWS RANCHI :

मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। वर्तमान में तीखी गर्मी का रुख नरम हो गया है, लेकिन तीन-चार दिनों के बाद स्थिति बदल जाएगी। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, झारखंड के अधिकतर जिलों में आठ मई के बाद तापमान में पांच-सात डिग्री की वृद्धि होगी। तापमान में वृद्धि से राज्य में फिर से प्रचंड गर्मी पड़ेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि मई माह में गर्मी पिक पर रहती है। इससे तापमान भी उच्चतम स्तर पर रहता है। हालांकि उन्होंने राज्य भर में लू चलने की आशंका से इनकार किया है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर में गर्मी महसूस की गई। रविवार को रांची में तापमान 33 डिग्री, जमशेदपुर में 37.1, डाल्टनगंज में 37.4, बोकारो में 30.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

- आज रांची में कहीं-कहीं हो सकती है बारिश वज्रपात की भी आशंका
- राज्य भर में लू चलने की आशंका से मौसम विभाग ने किया इनकार

कहीं-कहीं हुई हल्की वर्षा

मौसम विभाग ने बताया है कि रविवार को रांची में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई, कहीं ठनका भी गिरा। सोमवार को भी ऐसी स्थिति होने की संभावना है। जमशेदपुर और डाल्टनगंज का भी मौसम ऐसा ही रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि 5 मई को रांची में आसमान में बादल छाए रहेंगे। ठनका गिरने के भी आसार हैं। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

बदरीनाथ के कपाट खुले पीएम मोदी के नाम से हुई पहली महाभिषेक पूजा

DEHRADUN : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धाम में तीर्थयात्रीयों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मांगलिक स्वर लहरियों के बीच बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार सुबह छह बजे रवि पुष्य लग्न में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह लगभग 10 बजे भगवान बदरी विशाल का अभिषेक पूजा शुरू हुई। बद्री केदार मंदिर समिति और उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरीविशाल का प्रथम महा अभिषेक पूजा सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की।

खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई की साइट पर बोला धावा

लातेहार में नक्सलियों का उत्पात, दो ड्रिलिंग मशीन और 6 वाहनों को किया आग के हवाले

PHOTON NEWS LATEHAR :

शनिवार की देर रात में नक्सलियों ने लातेहार में जमकर उत्पाद मचाया। इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई की साइट पर धावा बोल दिया। वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों की ओर से फायरिंग भी करने की सूचना है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। इस संबंध में डीएसपी ने रविवार को बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर अभियान भी चलाया जा रहा है।

चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास दिया वारदात को अंजाम

- लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गए, पूरे इलाके में दहशत का माहौल
- बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस की टीम, छानबीन शुरू

किया जा रहा था कोयले का सर्वे

चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे कंपनी की साइडिंग बनाई गई थी। कंपनी द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइट पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी।

इलाके को सील कर छापेमारी कर रही पुलिस

घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर फौरन डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस की टीम पूरे इलाके को सील कर छापामारी भी आरंभ कर दी है।

काफी सुदूर इलाका है घटनास्थल

बता दें कि घटनास्थल काफी सुदूर इलाका है। यह इलाका लातेहार-चतरा और रांची का बॉर्डर इलाका है। काफी सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलती रहती है।

न्यू स्टडी पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ने में निभा रहे बड़ी भूमिका

नावों के माध्यम से पूरी दुनिया में दीमक का तेजी से हो रहा प्रसार

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

जीव वैज्ञानिकों ने सभी प्राणियों को दो मूलभूत स्तरों पर विभाजित किया है। पहला रीढ़ वाले और दूसरा बिना रीढ़ वाले। दीमक बिना रीढ़ वाले कीट हैं। पहले ऐसा समझा जाता था कि दीमक तिलचट्टों से बिलकुल भिन्न हैं, लेकिन वगार्नुवाशिक अध्ययन से पता चला है कि दीमक का विकास तिलचट्टों से ही हुआ है। दोनों का वर्ग कीट ही है। सामान्य रूप से दीमक का नाम सुनते ही हमें लकड़ी और कागज को चाट कर नष्ट कर देने वाले जीव का ध्यान आता है। नमी की स्थिति में इनकी एक्टिविटी अधिक तेज हो जाती है। दीमक हल्के पीले या भूरे रंग की कोमल कीट होती है। कॉलोनी में रहने वाली यह कीट सुव्यवस्थित जातियां या बहुरूपता प्रदर्शित करती हैं। एक कॉलोनी में हजार से लेकर लाखों की संख्या में इनकी उपस्थिति होती है। हाल के एक विशेष अध्ययन से यह पता चला है कि दीमक का प्रकोप अब केवल प्राकृतिक मार्गों या स्थानीय निर्माण स्थलों तक सीमित नहीं है। वैश्विक स्तर पर इसका एक नया और चिंताजनक स्वरूप सामने आया है।

अर्थव्यवस्था पर भी असर, सालाना 40 अरब डॉलर से अधिक का वैश्विक नुकसान

अमेरिका स्थित एफएलआरईसी के वैज्ञानिकों ने व्यापक स्तर पर किया अध्ययन

- तीन प्रमुख आक्रामक प्रजातियों को रिसर्च के केंद्र में रखकर किया गया विश्लेषण
- मनोरंजन के लिए प्रयुक्त नावें इन दीमकों के लिए आदर्श ट्रांसपोर्ट वाहन का कर रहीं काम
- जिस तटीय इलाके में रुकती है नाव, वहां के पर्यावरण में घुलमिल जाती है दमक



स्थानीय वनस्पतियों और इमारतों पर लगातार हो रहे आक्रमण से बड़े पैमाने पर क्षय जारी

अंतरराष्ट्रीय प्रसार का आधार

रिसर्च में तीन प्रमुख आक्रामक दीमक प्रजातियों- फॉर्मोसन सबटेरेनियन टर्माइट, एशियाई सबटेरेनियन टर्माइट और वेस्ट इंडियन ड्राईवुड टर्माइट के नावों के जरिए अंतरराष्ट्रीय प्रसार पर गहराई से प्रकाश डाला गया है।

साल 2020 से अब तक का आर्थिक नुकसान

शोधकर्ताओं के अनुसार, मनोरंजन और निजी उपयोग के लिए प्रयुक्त नावें इन दीमकों के लिए आदर्श ट्रांसपोर्ट वाहन बन चुकी हैं, जिससे ये कीट एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक फैल रहे हैं। नाव किसी तटीय इलाके में रुकती है, तो दीमक वहां के पर्यावरण में घुलमिल जाती हैं। बाद में ये स्थानीय वनस्पतियों और इमारतों पर आक्रमण कर देते हैं। व्यापक स्तर पर किया गए शोध में यह जानकारी दी गई है कि केवल 2020 से अब तक दीमकों के कारण दुनियाभर में हर साल 40 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हो रहा है। विशेष रूप से फॉर्मोसन दीमक ही अकेले 20.3 से 30 अरब डॉलर के बीच नुकसान के लिए जिम्मेदार मानी जाती है। इस नुकसान में इमारतों की मरम्मत, संक्रमित पेड़ों की कटाई, भूमि पुनर्विकास, और कीटनाशक उपायों पर खर्च होने वाली राशि शामिल है।

नहीं रहे 129 साल के योग गुरु पद्मश्री बाबा शिवानंद पीएम ने जताया शोक

VARANASHI : योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले और दीर्घायु जीवन के लिए प्रसिद्ध पद्मश्री योग गुरु बाबा शिवानंद अब नहीं रहे। उनका शनिवार देर शाम निधन हो गया। 129 वर्ष के सुदीर्घ जीवन जीने वाले बाबा ने बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल में अंतिम सांस ली। उम्र जनित स्वास्थ्य समस्याओं के चलते वह पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उनका पार्थिव शरीर शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे दुगार्कुंड स्थित कबीरनगर कॉलोनी के आश्रम लाया गया। बाबा शिवानंद का अंतिम संस्कार रविवार को हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

20 लाख घूस ले रहा था विधायक का गनमैन

एसीबी ने बीएपी एमएलए को रिश्वत केस में किया अरेस्ट

AGENCY JAIPUR :

रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बागीदौरा (बांसवाड़ा) से विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत लेने के मामले में अरेस्ट कर लिया। राजस्थान में यह पहली बार है, जब किसी विधायक को रिश्वत के मामले में अरेस्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि विधानसभा में खनन विभाग से संबंधित उठाए गए सवालों को वापस लेने के लिए भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक ने 2.5 करोड़ की डिमांड की थी। जयकृष्ण के जयपुर में ज्योति नगर स्थित सरकारी क्वार्टर पर डील हुई थी। एसीबी की टीम ने विधायक से पूछताछ की। विधायक को सर्विलांस रिपोर्ट के बारे में बताया गया।

- विस में खनन विभाग से जुड़े सवालों को वापस लेने के लिए 2.5 करोड़ की थी डिमांड

BRIEF NEWS

कृषि मंत्री पहुंचीं जमशेदपुर, कार्यकर्ताओं से मिलीं

JAMSHEDPUR : राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को जमशेदपुर पहुंचीं। यहां उन्होंने बिष्टुपुर स्थित पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक पुस्तकालय) में कार्यकर्ताओं से मिलीं। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने 6 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पहुंचने का आग्रह किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जयंती पर याद किए गए पंत व टैगोर

JAMSHEDPUR : साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में रविवार को मासिक 'काव्य कलश' सह छायावाद के चार स्तंभों में से एक सुमित्रा नंदन पंत एवं विश्वविख्यात कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मुनका की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष यमुना तिवारी 'व्यथित' ने किया। इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता व धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव डॉ. अजय कुमार ओझा ने किया। इस मौके पर तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी भी मंचासीन रहे।

तालाब में डूबकर दो मासूमों की मौत

KHUNTI : शहर के आजाद रोड के रहने वाले दो मासूम बच्चों की रविवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 11 वर्षीय अब्दुल समद और नौ वर्षीय हमजा अंसारी शामिल हैं। एक साथ दो मासूमों की इस तरह की मौत ने सभी की आंखों को नम कर दिया। अब्दुल समद, रांची के टेंडर हर्ट स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। फिलहाल अपने दादा मो मन्नान अंसारी के पास खूंटी में रह रहा था। उसके पिता राजा मुराद सऊदी अरब में काम करते हैं। हमजा अंसारी, आईडियल स्कूल में पढ़ता था वह काफी चंचल, हंसमुख बच्चा था। वह सब्बन अंसारी का इकलौता पुत्र था। रविवार को गर्मी से राहत पाने के लिए चार बच्चे महादेव मंडा के पीछे बने एक अधूरे डोभा में नहाने गये थे। मासूमों को क्या पता था कि यह ठंडा पानी उनकी जिंदगी लील लेगा। दो बच्चे नहाने उतरे और फिर ऊपर न आ सके। अन्य दो बच्चों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दोनों बच्चे मौत के आगोश में जा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही शहर के लोग शोक संतप्त परिवार कें घर पहुंचे। मृतक के रिश्तेदार मो अजहर ने बताया कि रविवार था और चार बच्चे दूसरी बेला खेलने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वे नहाने के लिए तालाब चले गये। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से उनकी मौत हो गई। खालिक हुसैन ने बताया कि बच्चे खेलने की बात कह कर घर से निकले थे और वे चारों बच्चे गिरजा टोली के पीछे एक तालाब में पहुंचे और नहाने लगे। दो बच्चे डूब गए। आनन-फानन में उन्हें निकाल कर सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

सर्पदंश से चार वर्षीय बच्ची ने तोड़ा दम

DUMKA : सर्पदंश से चार वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। मृत बच्ची जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के रामपुर आदिवासी टोला निवासी भुवनेश्वर सोरेन की पुत्री तेरेसा सोरेन है। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर विषैला सांप ने बच्ची को काट लिया। मृतक बच्ची के पिता भुवनेश्वर सोरेन ने बताया घर के आंगन में बेटी खेल रही थी। खेलते समय जहरीले सांप ने बेटी को काट लिया। आनन-फानन में बच्ची को पाकुड़ जिले के आमड़ापाड़ प्रखंड सोहरजोड़ी मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बोरदीरी की झाड़ियों में मिले शव की हुई पहचान

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के बाईपी पंचायत के बोरदीरी नव प्राथमिक विद्यालय की झाड़ियों से शुक्रवार को चक्रधरपुर पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। उस समय युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। युवक की पहचान बाईपी पंचायत के तोडांगसाई गांव निवासी 35 वर्षीय सत्यप्रकाश पुरती की रूप में हुई है। इसके बाद चक्रधरपुर थाना की पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। बतातें चलें कि बोरदीरी टोला स्थित विद्यालय के नवनिर्मित भवन की छत पर खून के धब्बे, शराब की बोतलें व अन्य सामान को पुलिस ने जब्त किया था। पुलिस ने बताया कि मामले का अनुसंधान चल रहा हैं, जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी होगी।

धनबाद में पति ने पत्नी को गला घोंटकर मार डाला, हुआ गिरफ्तार

आरोपी ने पत्नी के मायके वालों को फोन पर दी झूठी सूचना, उसी से परिजनों को हुआ संदेह

PHOTON NEWS DHANBAD : जिले के राजगंज थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मनबोध पंडित नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने पत्नी का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतारा, फिर उसके शव को घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर ले जाकर दफना दिया। इस अपराध का पदार्फाश तब हुआ, जब मनबोध ने खुद ही मृतक महिला के मायके वालों को फोन कर उसकी आत्महत्या की झूठी सूचना दी। पत्नी की मौत की खबर सुनकर सदमे में आए परिजनों को मनबोध की बातों पर संदेह हुआ। उन्होंने सच्चाई जानने के लिए स्थानीय पंचायत के मुखिया और समिति सदस्य से संपर्क किया, जिन्होंने तत्काल पुलिस को इस संदिग्ध मामले की जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनबोध को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी टूट गया और उसने अपना गुनाह कबूल करते हुए हत्या के स्थान का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर शव को बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, आरोपी पति पुलिस की गिरफ्त में है।

मृतक लक्ष्मी की चाची ईश्वर प्रजापति ने बताया कि उनकी भतीजी पांच बहनों में दूसरे नंबर पर थी और सात वर्ष पूर्व उसका विवाह मनबोध के साथ हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि मनबोध पहले भी लक्ष्मी के साथ मारपीट करता था, जिसकी शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरूषोतम कुमार सिंह ने बताया कि मृतक लक्ष्मी की बहन नेहा ने अपने जीजा मनबोध पर हत्या और शव को ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

शव बरामद करने पहुंचे पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

बहादुरपुर में व्यवसायी की हुई हत्या, घर में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

BOKARO : बोकारो जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव स्थित मानटांड़ में 32 वर्षीय सुमित कुमार महतो की हत्या अज्ञात लोगों ने कर दी। चास थाना क्षेत्र के तेलीडीह निवासी सुमित ईंट भट्ठा व्यवसाय से जुड़े थे। उनका शव उनके घर से बरामद हुआ। पिंड्राजोरा पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के शव के पास खून लगा हुआ गमछा भी पुलिस को मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। फिलहाल हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

देसी कट्टा व गोली के साथ धराया अपराधी

GODDA : गोड्डा थाना की पुलिस ने शनिवार की रात एक अपराधी को देसी कट्टा व गोली के साथ दबोचा। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति देसी कट्टा व गोली के साथ अपाची बाइक पर भगैया से घमड़ी की तरफ आ रहा है। इस सूचना पर भगैया-धमड़ी मार्ग पर एंटी क्राइम चेकिंग शुरू किया गया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा और पुलिस टीम को देखकर बाइक छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस जवानों ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति अक्षय कुमार मंडल उर्फ अक्षय कुमार की उम्र 20 वर्ष है। वह धमड़ी थाना अंतर्गत मेहरमा का रहने वाला है। उसे विभिन्न धारा लगाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार लोग हुए घायल

LATEHAR : लातेहार सदर थाना क्षेत्र के कोने गाव के पास रविवार को सवारी गाड़ी और ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, जबकि घायलों में सुमंती देवी , संदीप उरांव , मानिता कुमारी और कोमल कुमारी शामिल हैं। सभी गारू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं । मिली जानकारी के अनुसार सरयू से लातेहार की ओर ऑटो आ रही थी। वही विपरीत दिशा से एक सवारी गाड़ी आ रही थी। सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव से थोड़ी दूर पर मोड़ के पास दोनों गाड़ियां में सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया । जबकि चार अन्य लोगों का प्राथमिक इलाज अस्पताल में किया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल लोगों की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियों को जब्त कर ली है। मृत व्यक्ति की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

अस्पताल पहुंचे परिजन

चार साल पुराने हत्या व लूट के मामलों का शीघ्र करें निष्पादन : एसपी रीष्मा

क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारियों से कहा, लोगों को बताएं डायल 112 पर तत्काल दें सूचना

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू के जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रविवार को क्राइम मीटिंग हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराध के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया।

पासपोर्ट शाखा के पदाधिकारी को सम्मानित करतीं एसपी रीष्मा रमेशन

पासपोर्ट शाखा को किया सम्मानित

पलामू जिले की पासपोर्ट शाखा को राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य में पासपोर्ट से जुड़े मामलों के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू का नाम शामिल किया गया, जहां 99 प्रतिशत मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया है। इस उपलब्धि के लिए एसपी रीष्मा रमेशन ने पासपोर्ट शाखा और उसमें कार्यरत कर्मियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आज सम्मानित होंगे संताली फिल्मों के कलाकार

PHOTON NEWS JSR : रास्का के स्थापना दिवस पर सोमवार को 13वें संताली फिल्म का पुरस्कार समारोह बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल प्रेक्षागृह में होगा। संस्था के निदेशक रवींद्रनाथ मुर्मू ने बताया कि इस रंगारंग कार्यक्रम में बतौर अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री तथा सांसद जोबा मांझी, प बंगाल सरकार की मंत्री बीर बाहा हांसदा, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरभ राय, ट्राइबल आइडेंटिटी व टाटा स्टील फाउंडेशन के हेड जीरेन टोपनो, पद्मश्री डॉ. दमयंती बेसरा, साहित्यकार भोगला सोरेन आदि भी सम्मिलित होंगे।

पुरस्कार के लिए नामितों की सूची

सर्वश्रेष्ठ फिल्म
- रेगेंज किसाड़ : आर एस टी फिल्म प्रोडक्शन
- साकाम आलोम ओरेजा : गंगा फिल्म्स
- जोनोम जोनोम : तिरियो बानाम प्रोडक्शन

सर्वश्रेष्ठ कहानी
- मानसिंह माडीं : साकाम आलोम ओरेजा
- राजेंद्र सोरेन : जोनोम जोनोम
- रघुनाथ टुडू : रेगेंज किसाड़

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक
- राजेंद्र सोरेन : जोनोम जोनोम
- दशरथ हांसदा : साकाम आलोम ओरेजा
- स्टार संजू : आम लगीत

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता
- अमरदीप टुडू : आम लगीत
- सुरेंद्र टुडू : साकाम आलोम ओरेजा
- प्रियो हेंब्रम : जोनोम जोनोम

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री
- सुनीता हेंब्रम : आम लगीत
- रिबिका : रेगेंज किसाड़
- टीना हेंब्रम : साकाम आलोम ओरेजा

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- संतोष मुर्मू : सोरेस दो ओकोय टिंग
- राजेंद्र सोरेन : साकाम आलोम ओरेजा
- दीपक बारी : जोनोम जोनोम

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री
- पारुल हांसदा : साकाम आलोम ओरेजा
- रानी देवगम : जोनोम जोनोम
- मोनिका टुडू : आम लगीत

सर्वश्रेष्ठ छायाकार
- राजमोहन सोरेन : साकाम आलोम ओरेजा
- शिवा अंगराई और सरोज कुमार : जोनोम जोनोम
- अनिल हेंब्रम : सोरेस दो ओकोय टिंग

सर्वश्रेष्ठ संपादक
- राजमोहन सोरेन : साकाम आलोम ओरेजा
- पालु हेंब्रम और संजू मंडी : जोनोम जोनोम
- रघुनाथ टुडू : रेगेंज किसाड़

सर्वश्रेष्ठ गीतकार
- सारी कथा : संजय सोरेन : आम लगीत
- ओबला मोने : श्याम सुंदर माझी : जोनोम जोनोम
- जहां हिलो खोन : फुरमल बेसरा : साकाम आलोम ओरेजा

सर्वश्रेष्ठ गायक
- ओबला मोने : कुमार सावन : जोनोम जोनोम
- सारी कथा : नेल्सन टुडू : आम लगीत
- जहां हिलो खोन : फुरमल बेसरा : साकाम आलोम ओरेजा

सर्वश्रेष्ठ गायिका
- ओबला मोने : निर्मला किस्कू : जोनोम जोनोम
- सारी कथा : पूर्णिमा सोरेन : आम लगीत
- जहां हिलो खोन : पुरायनी सोरेन : साकाम आलोम ओरेजा

सर्वश्रेष्ठ खलनायक
- स्टार संजू : आम लगीत
- जोय मुर्मू : साकाम आलोम ओरेजा
- सत्यम सुंदर हांसदा : जोनोम जोनोम

सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता
- लखन मुर्मू : पाप रेयां कुदय
- दिनेश हेंब्रम : आम लगीत
- डॉक्टर मुर्मू : रेगेंज किसाड़।

मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

ट्रक से मिला 47 क्विंटल अफीम, एक गिरफ्तार

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के पास रविवार को पुलिस ने छापा मार कर एक ट्रक से 47 क्विंटल 32 किलो डोडा (अफीम) बरामद किया, जो 212 बोरों में रखे थे। पुलिस ने एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गणपत राम राजस्थान के बालेतर (बाडमेर) का निवासी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टाटा से बहरागोड़ा की ओर जाने वाली एनएच-18 मुख्य मार्ग से ट्रक में डोडा ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने अनुमडंल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला व अंचल अधिकारी धालभूमगढ़ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। छापामारी दल ने घाटशिला की ओर से आने-वाले वाहनों को जांच करने के लिए जयरामडीह गांव के समीप चेकिंग प्रारंभ किया। इसी बीच घाटशिला की ओर से आ रहे एक ट्रक का चालक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने लगा। उसने जयरामडीह के पहले कच्ची सड़क पर ट्रक को घुसा दिया, लेकिन छापामारी दल ने उसे घेर कर पकड़ लिया। वाहन की तलाशी लेने पर सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरों में डोडा भरा हुआ पाया।

सॉलिड-लिक्विड मैनेजमेंट के लिए डस्टबिन का समुचित उपयोग करने का आग्रह

स्वच्छ जिला बनाने में व्यापारी करेंगे सहयोग

PHOTON NEWS LATEHAR: लातेहार के प्रखंड कार्यालय में रविवार को सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) पर कार्यशाला हुई, जिसमें लातेहार के व्यापारियों को ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन ने सॉलिड-लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि जिले में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर जिले को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित लातेहार जिला के व्यवसायी ● फोटोन न्यूज

कार्यशाला में डॉक्यूमेंट्री फिल्म द्वारा इंटीग्रेटेड सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप से दी और प्रश्नों के उत्तर दिए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रतिष्ठान, दुकानों को हरा एवं लाल डस्टबिन उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठानों व दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। गीले कचरे (जैसे कि खाने-पीने का कचरा, सब्जी के छिलके आदि) को हरे रंग के डस्टबिन में डालें। सूखे कचरे (जैसे कि प्लास्टिक, कागज आदि) को लाल रंग के डस्टबिन में डालें, ताकि कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित कर रीसायकल या खाद्य के रूप में उपयोग किया जा सके। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीक अपनाने की जरूरत है। इस मौके पर नगर प्रशासक, नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सदस्य, प्रतिष्ठानों के व्यवसायी उपस्थित थे।

वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण का समापन

KHUNTI : बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी में चल रहे 13 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। 22 अप्रैल से जारी प्रशिक्षण में विभिन्न प्रखंडों के 33 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दुमका से आयीं प्रशिक्षिका स्नेहली हेम्ब्रोम ने प्रशिक्षुओं को वाणिज्यिक बागवानी से संबंधित विभिन्ना पहलुओं की जानकारी और प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम मुल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रूडसेटी के विवेकानंद भगत और नीरज गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण के दौरान बागवानी संबंधी उन्नत बीजों और खादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न मौसमों में फलने वाले फलों और वृक्षों की जानकारी के साथ उन्हें उन्नत बीजों एवं पौधों को रोपने का सही तरीका बताया गया। इसके अलावा प्रशिक्षुओं को पेड़-पौधों की सही देखभाल और ज्यादा फलदार वृक्षों की जानकारी दी गई।

अवैध खनन पर लगी लगाम, सड़कों पर लौटा सन्नाटा, अब कार्रवाई का इंतजार

PHOTON NEWS CHAIBASA : एक समय था जब नोवामुंडी से चाईबासा तक की सड़कें लौह अयस्क से लदे ट्रकों से भरी रहती थीं। अवैध माइनिंग, जाली चालान और खनन माफियाओं की मिलीभगत से यह इलाका मानो अवैध खनन का गलियारा बन चुका था। आम जनजीवन प्रभावित था और सड़कों पर चलना तक मुश्किल हो गया था। लेकिन हाल ही में जब पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने बिना किसी वैध दस्तावेज के आयरन ओर से लदी 6 गाड़ियों को रोक कर पुलिस के सुपुर्द किया। खनन विभाग ने भी जामदा क्षेत्र में 2 और ट्रक पकड़े, तो हालात अचानक बदल गए। आज वही सड़कें, जो कभी ट्रकों की कतार से जाम रहती थीं, लगभग 80 प्रतिशत तक खाली हो चुकी हैं। सड़कों पर पसरा सन्नाटा इस बात का प्रमाण है कि वर्षों से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से खनिजों का दोहन और परिवहन हो रहा था।

नोवामुंडी-चाईबासा सड़क पर पसरा सन्नाटा ● फोटोन न्यूज

यह परिस्थिति सरकार और खनन विभाग के लिए एक चेतावनी है कि यदि थोड़ी सी सख्ती इतना बड़ा प्रभाव ला सकती है, तो एक संगठित और ठोस रणनीति इस पूरे रैकेट को जड़ से समाप्त कर सकती है। अब समय आ गया है कि अवैध खनन पर पूर्ण विराम लगाने के लिए विशेष जांच दल गठित किए जाएं।

सड़क मार्गों की डिजिटल निगरानी और जीपीएस ट्रैकिंग अनिवार्य हो। जाली चालानों पर रोक के लिए तकनीकी समाधान लागू हों। दोषी अधिकारियों और माफिया पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जनहित में यह आवश्यक है कि सरकार इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता पर ले और अवैध खनन के खिलाफ कठोर कदम उठाए। अब जब पर्दा उठ चुका है, तो समाधान भी ठोस और पारदर्शी होना चाहिए।

BRIEF NEWS

झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 20-21 जून को, पंजीकरण शुरू

RANCHI : मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई 3 फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 20 और 21 जून को किया जाएगा। रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में होने वाले इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉर्पोरेट, एनजीओ, सिविल सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं को साझा मंच प्रदान कर राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली बनाना है। कॉन्क्लेव के आयोजनकर्ता पंकज सोनी और राजीव गुप्ता ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि कॉन्क्लेव में राज्यभर में कार्यरत हजारों एनजीओ के प्रतिनिधि और 200 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में पैनल चर्चा, सीएसआर प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी और नेटवर्किंग सेशन्स आयोजित किए जाएंगे।

अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा ऐतिहासिक निर्णय : हाजी मतलूब

RANCHI : झारखंड राबता हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी मतलूब इमाम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि

झारखंड के अधिवक्ताओं को स्वास्थ बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय स्वागत योग्य है। झारखंड इस तरह का निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। झारखंड राब्ता हज कमेटी इसका स्वागत करती है। हाजी मतलूब इमाम ने कहा कि हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि झारखंड के पत्रकारों, झारखंड आंदोलनकारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा जाए और इनको भी बीमा योजना का लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री के उस निर्णय का भी स्वागत करते हैं, जिसमें उन्होंने कहा कि बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी झारखंड में बनेगी।

ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस उलेमा ने संविधान बचाओ रैली का किया समर्थन

RANCHI : ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-उलेमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निमंत्रण पर पार्टी कार्यालय में मुलाकात की। संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर ने केशव महतो को आश्वस्त किया कि भारत का संविधान हमारे पूर्वजों द्वारा जाति और धर्म से ऊपर उठकर मानवता और देश की रक्षा के लिए लिखा गया था। भारत के इस संविधान ने अल्पसंख्यकों को धार्मिक, शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरक्षण के अवसर प्रदान किए हैं।

गर्मी, बरसात और ठंड के दिनों में होती है ट्रैफिक जवानों को परेशानी

स्मार्ट सिटी की सूची में शामिल रांची के ट्रैफिक पोस्ट बेहाल

PHOTON NEWS RANCHI : स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल झारखंड की राजधानी रांची में स्मार्ट ट्रैफिक पोस्ट खुद ही बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित किए गए ये ट्रैफिक पोस्ट अब महज नाम के 'स्मार्ट' रह गए हैं। हकीकत ये है कि कई पोस्टों पर प्लास्टिक के शेड लगाए गए हैं, तो कहीं तिरपाल बांधकर ट्रैफिक जवानों के लिए अस्थायी छाया की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं, कई पोस्ट की हालत तो जर्जर हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग का ध्यान इस ओर नहीं है।

हर मौसम में होती है परेशानी : ट्रैफिक पोस्टों की जर्जर स्थिति के कारण ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को गर्मी, बरसात और ठंड जैसे सभी मौसमों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दिनभर धूप में खड़े रहना, बरसात में भीगना और ठंड में बिना किसी सुरक्षा के ड्यूटी करना उनकी डेली ड्यूटी की कहानी बन चुकी है।

» कहीं प्लास्टिक का बना है शेड, तो कहीं पोस्ट में बांध रखा है तिरपाल

हरमू चौक के नजदीक

» जर्जर ट्रैफिक पोस्ट में सुबह से रात तक रहते हैं जवान

करमटोली चौक पर

स्मार्ट सिटी का हिस्सा हैं ये पोस्ट

राजधानी में करीब दर्जनों ट्रैफिक पोस्ट हैं, जहां सुबह से लेकर देर रात तक पुलिस जवान ट्रैफिक संचालन का जिम्मा संभालते हैं। लेकिन, इन पोस्टों की स्थिति देखकर नहीं लगता कि ये किसी 'स्मार्ट सिटी' का हिस्सा हैं। कई जगहों पर ट्रैफिक बूथ टूटे-फूटे हैं, शेड उखड़ चुके हैं, और कुछ जगहों पर शेड की जगह तिरपाल बांधकर काम चलाया जा रहा है। यह स्थिति न केवल ट्रैफिक पुलिस के लिए असुविधाजनक है, बल्कि शहर की छवि को भी धूमिल कर रही है। आम नागरिकों के लिए 'स्मार्ट सिटी' का मतलब आधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्था से है, लेकिन रांची की ट्रैफिक व्यवस्था इससे कोसों दूर नजर आती है।

पोस्ट के अंदर-बाहर दिक्कत

एक ट्रैफिक जवान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गर्मी के मौसम में पोस्ट के अंदर खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है। छाया के अभाव में कई बार उन्हें लू लगने जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। बरसात के समय तिरपाल भी काम नहीं आता और वे भीगते हुए ड्यूटी करते हैं।

जवानों के कंधों पर है पूरा दारोमदार

रांची स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करोड़ों रुपये की योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन, जमीनी हकीकत यह है कि मूलभूत सुविधाओं तक का ध्यान नहीं रखा जा रहा। स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की बात तो की जा रही है, लेकिन जिन पर यह व्यवस्था टिकी है उन ट्रैफिक जवानों की जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में जरूरत है नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रबंधन ट्रैफिक पोस्ट की स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दें। सुविधाओं से युक्त ट्रैफिक बूथ बनाए जाएं, ताकि जवानों को सुरक्षित और आरामदायक वातावरण मिल सके।

आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध : चमरा लिंडा

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया। कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने रखी, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हेमंत सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मेरी प्राथमिकता है कि सभी छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई, पुस्तकालय, स्वच्छता और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित हो। जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बैठक कर आदिवासी छात्रावासों की स्थिति में व्यापक सुधार हेतु योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की स्थायी नियुक्ति की जाएगी। बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

भवन निर्माण में अनियमितता पर सख्ती : निरीक्षण के दौरान मंत्री ने छात्रावास के नए भवन निर्माण में अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कास्ट सेंसस पर कांग्रेस ने भाजपा पर बोला हमला, केशव महतो कमलेश बोले-

केंद्र वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग का उड़ाता रहा मजाक

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जातिगत जनगणना को लेकर मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग का मजाक उड़ाती रही है, लेकिन कांग्रेस के दबाव और राहुल गांधी की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के चलते अंततः सरकार को झुकना पड़ा और जनगणना की घोषणा करनी पड़ी।

कार्यकताओं को सच्चाई से कराएंगे अवगत : उन्होंने बताया कि आगामी संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस कार्यकताओं को जातिगत जनगणना की सच्चाई से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे आम जनता को भाजपा की बहुजन विरोधी सोच और जनगणना के विरोध में की गई कोशिशों के बारे में विस्तार से बता सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों को यह समझाया जाएगा कि भाजपा किस तरह उनके संवैधानिक अधिकारों को लगातार कुचल रही है।

पिछड़े वर्गों की आवाज दबाने का प्रयास

केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की सरकार सामाजिक न्याय की राह में रोड़ा बन रही है और पिछड़े वर्गों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकताओं से अपील की कि वे संविधान बचाओ रैली को जन आंदोलन का रूप दें और जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाएं।

जातिगत जनगणना पर विस्तृत चर्चा : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में जातिगत जनगणना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों में अनुच्छेद 15(5) को तत्काल लागू करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है, जिससे दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिल सके।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संविधान बचाओ रैली को बताया नौटंकी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर तीखा हमला बोलते हुए इसे महज एक नौटंकी करार दिया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर सत्ता और तुष्टिकरण के लिए बार-बार संविधान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासनकाल में 79 बार संविधान संशोधन कर लोकतंत्र और उसकी मूल भावना को कमजोर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संविधान को तुष्टिकरण का घोषणापत्र बना दिया। उन्होंने पहला संविधान संशोधन, अनुच्छेद 35अ और राष्ट्रपति शासन के दुरुपयोग का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान को अपनी जागीर समझा। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज और योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

आपातकाल में मौलिक अधिकारों को कुचला

बाबूलाल ने कहा कि इंदिरा गांधी द्वारा लागू किया गया 42वां संविधान संशोधन लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार था, जिसे मिनी संविधान कहा गया। आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों को कुचला गया, प्रेस और न्यायपालिका की स्वतंत्रता छीनी गई। उन्होंने शाहबानो केस, वक्फ कानून और मुस्लिम आरक्षण की सिफारिशों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का आरोप लगाया। साथ ही, राहुल गांधी द्वारा कैबिनेट पेपर फाड़ने और ईडी दफ्तरों के बाहर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा किए गए विरोध को भी संविधान और संसदीय प्रणाली का अपमान बताया।

हटाए गए कांके थाना प्रभारी सुशील कुमार, प्रकाश रजक बने नए थानेदार

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची में कई पुलिस पदाधिकारी को इधर से उधर किया गया है। डीआईजी-सह-एसएसपी के आदेश से ये ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई है। वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय ने बताया है कि पुलिस निरीक्षक स्तर के 3 पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। सभी को तत्काल नई जगह पर योगदान देकर इसकी जानकारी देने के लिए कहा गया है। जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है, उनके नाम सुशील कुमार, प्रकाश रजक और रणविजय शर्मा हैं। कांके थाना प्रभारी सुशील कुमार को पुलिस केंद्र रांची भेज दिया गया है। तमाड़ अंचल के पुलिस निरीक्षक प्रकाश रजक को कांके का थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस केंद्र रांची में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक रणविजय शर्मा का ट्रांसफर करते हुए तमाड़ अंचल का पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

कांके के नए थाना प्रभारी प्रकाश रजक

चूहे की तरह कुतरा जा रहा संविधान : बंधु

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025 के खिलाफ डोरंडा में रिसालदार शाह बाबा उर्स मैदान में विरोध सभा का आयोजन झारखंड मुस्लिम युवा मंच एवं मुस्लिम समाजिक संगठनों द्वारा किया गया। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष शाहिद अयूबी ने की। आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा भारत में हर समुदाय और संस्थाओं को अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार संपत्तियों का प्रबंध करने का अधिकार है। लेकिन, वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025 अनुच्छेद 26 में मिले अधिकार को छीनता है, अमेंडमेंट एक्ट में वक्फ बाय यूजर और धारा 40 समाप्त करने से

मौखिक और सादे कागज में स्थापित वक्फ संपत्तियों पर खतरा मंडरा रहा। सभा में पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जिन लोगों की देश की आजादी और संविधान के निर्माण में कोई भूमिका नहीं, वे सत्ता का दुरुपयोग कर संविधान को चूहे की तरह कुतर रही है। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मोदी सरकार बहुमत का दुरुपयोग कर काला कानून बनाया है।

आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथरू ने कहा कि वक्फ की जमीन अल्लाह की है, जिसे किसी भी रूप छीनने नही दिया जा सकता। इदार ए शरिया के नाजिम ए आला ने कहा कि मुस्लिम समुदाय से बुना सहमति के वक्फ एक्ट में बदलाव किया गया है जो संविधान के लिए घातक है।

केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने की सीसीएल व सीएमपीडीआई की संयुक्त रिव्यू मीटिंग

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को रांची में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने गत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन, वर्तमान कार्ययोजना और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा की। उन्होंने सीसीएल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इसके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, तकनीकी नवाचार अपनाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीसीएल व सीएमपीडीआई के सीएमडी सहित कई निदेशक व अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में मंत्री ने टीम की प्रतिबद्धता की सराहना की और बेहतर परिणामों की आशा जताई।

खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में हुई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप

कराटे प्रतियोगिता में 19 गोल्ड मेडल के साथ झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वाधान में हुई दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के कराटे खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 स्वर्ण पदक जीत कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की टीम 14 स्वर्ण पदक के साथ रही। बंगाल की टीम 9 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में चैंपियन का खिताब छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी रियांश परमार को मिला। वहीं महिला वर्ग में चैंपियन का खिताब

» दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की टीम 14 स्वर्ण पदक के साथ रही

» बंगाल की टीम 9 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही

प्रतियोगिता के परिणाम

- जूनियर फीमेल कुमिते - 48 किलो
- चंद्रधारी इशिका गोल्ड, छत्तीसगढ़
- मांझी गायत्री सिल्वर, ओड़िशा
- सीनियर फीमेल कुमिते - 50 किलो
- रितिका तिग्गा गोल्ड, झारखंड
- अश्विनी खलखो सिल्वर, झारखंड
- राजा रविदास गोल्ड, पश्चिम बंगाल
- इशांत पांडे सिल्वर, झारखंड
- कैडेट मेल कुमिते - 45 किलो
- अर्पित साहू गोल्ड, छत्तीसगढ़
- अभिराज सिल्वर, झारखंड
- अंडर 8 वर्ष फीमेल कुमिते -30
- जयंती सेठी, कांस्य
- गायत्री कुमारी कांस्य, झारखंड
- नेतम इक्षा कांस्य, छत्तीसगढ़।

झारखंड की खिलाड़ी रितिका तिग्गा ने पाया।

अनुशासित टीम का खिताब ओड़िशा को : समापन समारोह के मुख्य अतिथि डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची झारखंड के मेडिकल डायरेक्टर डॉ देवनीस खेस ने सभी खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने यह कहा कि प्रतिभा की कमी नहीं है। राज्य में बस जरूरत है उसे निखारने की। वहीं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि रांची का खेलगांव पूरे विश्व में प्रचलित है। इस खेल गांव में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी कराई जा सकती है। जल्द ही राज्य सरकार के साथ समन्वय बना कर यहां पर अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

कांके विधायक सुरेश बैठा ने कालीकरण व पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

PHOTON NEWS RANCHI : रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू सरना टोली से लेकर रिंग रोड तक लगभग 2.5 किलोमीटर कालीकरण और पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास कांके विधायक सुरेश बैठा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जिप सदस्य सुषमा देवी और मुखिया अनीता मुंडा ने किया। विधायक ने कहा कि कांके क्षेत्र का सुकुरहुट्टू गांव को पूर्व के सभी विधायक हमेशा विकास के नाम पर नजरअंदाज करते रहे हैं। पूर्व के विधायक यहां की जनता से सिर्फ वोट लेने का काम किए हैं। 35 सालों से सुकुरहुट्टू के सरना टोली गांव की यह सड़क जर्जर अवस्था में थी। मैंने चुनाव के दौरान ही इस सड़क को बनाने का वादा किया था। आज सुकुरहुट्टू के लोगों को इस सड़क की सौगात दे कर अपना वादा पूरा कर रहा हूं। सुकुरहुट्टू के तेलिया टंगरा टोली की सड़क भी बरसात से पहले पहले बना दी जाएगा।

गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं विधायक ने संवेदक को चेताते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह के गुणवत्ता पर अनियमिता नहीं बरती जाएगी। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी। सड़क कार्य निगरानी कमेटी भी बनाई जाएगी, जो सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखेगी। मौके पर झामुमो नेता समनूर मंसूरी, दिलेशर महतो, अजीजुल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि संजीव महतो, बिनोद साहू, हरिनाथ साहू, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

पाठशाला बनी अखाड़ा

राजनीति के लिए बड़ी पाठशाला सरकारी अस्पताल को ही माना जाता है, क्योंकि दूसरों की सेहत का ख्याल रखने वाला ही अक्सर बीमार रहता है। इस बार तो हद ही हो गई, स्वस्थ होने के लिए आए तीन लोग सुरधाम पहुंच गए। खैर, इसी बहाने यह पाठशाला अखाड़ा में तब्दील हो चुकी है। चतुर चाचा भी होशियार भतीजे को खरी-खोटी सुना रहे हैं, तो बहूरानी भी काफी कुछ कह गईं। ले-देकर ठीकरा उसी के माथे फूटा, जिस पर कलंक का टीका लगना था। भतीजा अभी शांत हैं, क्योंकि उसी ने इसके कायाकल्प का संकल्प लिया था। चाचा अपने समय में खून-पसीना बहाकर भी इसे नहीं सुधार सके थे। भतीजे ने भी बिल्डिंग दर बिल्डिंग खड़ी कर दी, जबकि पुराने में प्लास्टर तक कराने की जहमत नहीं उठाई। बहरहाल, इसी पाठशाला में पढ़ाई करके कई आक्रामक नेता बन गए, कुछ ने समाजसेवी की पगड़ी बांध ली।

समाज की राजनीति

आमतौर पर राजनीति बड़े सदन की कुर्सी के लिए होती है, लेकिन बड़ी संख्या समाज की राजनीति के लिए भी होती है। हर समाज में कुछ कुख्यात-विख्यात-प्रख्यात हस्ती होते हैं, अमूमन उन्हें ही अपना नेता या कहें प्रतिनिधि चुन लिया जाता है। इसमें ज्यादातर प्रतिनिधि आक्रामक स्वभाव के ही होते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि यही व्यक्ति समाज की मांग प्रभावी तरीके से मनवा सकता है। बहरहाल, हम बात कर रहे हैं, ऐसे नेता की जो हाल में असमय काल के गाल में समा गए। कारण चाहे जो हो, लेकिन उनके लिए बड़े नेता भी आ गए। उनके डील-डौल और तेवर को देखकर ऐसा लगा कि अब तो प्रशासन को घुटने पर बैठा ही देंगे, लेकिन पता नहीं क्या हुआ, दूसरे दिन से ही नेताजी कहीं गायब हो गए। उनकी मांग भी पता नहीं कहां चली गई। पुलिसिया अनुसंधान भी अभी पूरी नहीं हुई है।

पुल ने किया खुश

लौहनगरी के उपनगर मानगो में एक पुल बन रहा है, जिससे अब सभी खुश नजर आ रहे हैं। पहले इसे बनाने वाले नेताजी और उनके समर्थकों ने खुशी व्यक्त की, तो अब इसमें घोटाला-गड़बड़ी की बात करने वाले भी लगता है कि खुश हो गए हैं। चचा भी इसमें कुछ योगदान जुड़वा कर खुश हो गए हैं, तो बीच में काम बंद कराने वाले उनके समर्थक भी लगता है संतुष्ट हो गए हैं। सबसे ज्यादा खुश तो मानगो में विचरण करने वाले हैं, जो अक्सर चौक पर बैरिकेडिंग या संकरे रास्ते की वजह से दुखी रहते थे। पुल बनने के बाद पता नहीं जाम का क्या होगा, लेकिन अभी चौक तो मैदान सरीखा नजर आ रहा है। अब ट्रैफिक पुलिस भी नजर नहीं आती, क्योंकि उनका काम ही हल्का हो गया है। जिसे जहां से मन आता है, इधर से उधर विचरण कर जाता है।

निगम का क्या होगा

लंबे समय से मानगो को अक्षेस से निगम बने हुए हो गया, लेकिन उसका भविष्य अब भी ठीक नहीं दिखाई दे रहा है। बीच में कुछ लोग मेयर-डिप्टी मेयर व वार्ड सदस्य बनने की होड़ में दिख रहे थे, पता नहीं वे अब किस बिल में समा गए हैं। हो भी क्यों नहीं, उन्हें निगम का ही कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। बीच में जब चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हुई थी, तो समाज में घंटे-दो घंटे देने वाले भी मूंछ पर ताव देने लगे थे। अब उनका भी अता-पता नहीं है। अब वही मार्केट में दिख रहे हैं, जिनके लिए समाजसेवा शौक बन चुका है। हाल में, पंचायत वालों ने विद्रोह का बिगुल फूंक कर निगम की रही-सही संभावना की भी कमर तोड़ कर रख दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि खबरदार, जो हमारी तरफ आंख उठाकर भी देख लिया तो ठीक नहीं होगा।

करंट लगने से 12 भेड़ों की मौत, लापरवाही का आरोप

सारंडा वन क्षेत्र में बिजली की चपेट में आकर जानवरों की गई जान

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के सारंडा क्षेत्र अंतर्गत लेम्ब्रे गांव में बिजली के पोल से फैले करंट की चपेट में आकर 12 भेड़ों की मौत का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुआ, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गंगदा पंचायत के लेम्ब्रे गांव में गुरुवार देर रात जब बिजली आपूर्ति शुरू हुई, तो खंभे पर लगे इंसुलेटर के टूटने से करंट जमीन में फैल गया। तेज आंधी और बारिश के कारण जमीन भीगी हुई थी, जिससे करंट ने पास में बैठी दर्जनों भेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते 12 भेड़ों की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। यह घटना गांव के गरीब पशुपालकों के लिए आर्थिक तबाही लेकर आई, क्योंकि भेड़ों की औसत कीमत 5 से 7 हजार रुपये होती है। गांव के देवेन्द्र चाम्पिया ने रविवार को बताया कि हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग, स्थानीय लाइनमैन और मनोहरपुर बीडीओ को कई बार फोन कर बिजली आपूर्ति बंद करने की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। कई अधिकारियों के मोबाइल फोन 'स्विच ऑफ' थे। इससे ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले भी कई बार जर्जर खंभों और तारों की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विभाग ने कभी संज्ञान नहीं लिया। अब वे मुआवजे और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो गांववाले आंदोलन करेंगे। उनकी मांग है कि मवेशियों की मौत का मुआवजा तत्काल दिया जाए, जर्जर तारों और उपकरणों की जांच कर जिम्मेदारों को बर्खास्त किया जाए।

मृत अवस्था में पड़े भेड़ • फोटोन न्यूज

समाचार सार

नगर कांग्रेस कमेटी, चाईबासा का हुआ पुनर्गठन

CHAIBASA : नगर कांग्रेस कमेटी, चाईबासा की बैठक रविवार को कांग्रेस भवन में हुई। इसमें नगर कमेटी का अध्यक्ष मो.सलीम, उपाध्यक्ष सुभाष राम तुरी व मो. एहसान, महासचिव प्रेम निषाद के अलावा डॉ.क्रांति प्रकाश, बिट्टू सिंह, शंभू कच्छप, मो.अखलाक, विजय सिंह, मो.शहजादा, राहुल महतो, मो.शहनवाज हुसैन, मो.वजीर व मो.अजमत को मनोनीत किया गया है। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में राजेश शुक्ला तथा कांग्रेस के जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय भी उपस्थित थे।

चक्रधरपुर में करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

BANDGAON : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंदगांव प्रखंड के कराईकेला एवं नकटी गांव में रविवार को करोड़ों की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिसमें सड़क, गार्डवाल व पुलिया भी शामिल है। शिलान्यास के बाद विधायक सुखराम उरांव ने बताया कि नकटी में सड़क निर्माण तथा कराईकेला पंचायत के आहर-बांध पर गार्डवाल एवं पुलिया निर्माण का कार्य जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से होगा। इस दौरान जिला परिषद की सदस्य बसंती पूर्ति, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, प्रमुख पीटर घनश्याम तियु समेत कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

घाटशिला प्रखंड कार्यालय का मना स्थापना दिवस

GHATSILA : घाटशिला प्रखंड कार्यालय का 62वां स्थापना दिवस रविवार को झामुमो कार्यकताओं ने मनाया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने केक काट कर बच्चों में वितरित किया। भकत ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय से हर व्यक्ति जुड़े रहते हैं। 61 वर्ष पूर्व घाटशिला को प्रखंड का दर्जा मिला था। इस मौके पर काजल डॉन, विकास मजूमदार, नीलकमल महतो सहित झामुमो के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

एचसीएल की ठेका कंपनी पर यूनियन ने लगाए आरोप

JADUGORA : मुसाबनी कन्सेंट्रेट प्लांट के यूनियन नेता हेमराज कुमार व कार्यकारी अध्यक्ष इरफान ने एचसीएल की ठेका कंपनी गर्ग इंजीरियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय से रविवार को मुलाकात कर नेताओं ने कहा कि इस बात की शिकायत सहायक श्रमायुक्त चाईबासा को भी सौंपी गई है। आरोप है कि ठेका कंपनी मजदूरों की ग्रेच्युटी, कार्य के दौरान सुरक्षा के लिए पीपीई किट, कंपनी परिसर में प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस तक की सुविधा नहीं देती है। इसी तरह मेडिकल, अर्जित आकस्मिक छुट्टी, यूनिफॉर्म, वॉशिंग भत्ता, मकान भत्ता, ईएसआई आदि से मजदूरों को वंचित रखा गया है। रात्रि भत्ता के नाम पर कुछ भी नहीं दिया जाता है।

कारोबारी की कार में जलकर हो गई मौत, सभी दरवाजे हो गए थे लॉक

कदमा में मेरीन ड्राइव पर हुआ हादसा, गैस सिलेंडर में विस्फोट की वजह से लगी आग

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर के मेरीन ड्राइव पर चलती कार में आग लगने से सीमेंट कारोबारी सुनील अग्रवाल (55) की जिंदा जल कर मौत हो गई है। सुनील अग्रवाल घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस की जांच में पता चला है कि कार में ड्राइविंग सीट के बगल में एक घरेलू गैस सिलेंडर रखा था। आशंका जताई जा रही है कि इस गैस सिलेंडर से गैस लीक कर रही थी। कार में मौजूद कदमा के विजया हेरिटेज निवासी सीमेंट कारोबारी सुनील अग्रवाल सिगरेट पी रहे थे। इसी के चलते कार में आग लग गई। गैस सिलेंडर विस्फोट कर गया और कार धू-धू कर जलने लगी। कार लॉक होने की वजह से सुनील अग्रवाल को बचने का मौका ही नहीं मिला।

उनकी जली हुई लाश ड्राइविंग सीट पर ही मिली है। वह सीट-बेल्ट तक नहीं हटा पाए। घटना के पीछे कई सवाल अब भी अनसुलझे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि सुनील अग्रवाल रविवार की सुबह 4.40 बजे घर से निकले थे। उन्होंने कार में एक एलपीजी गैस सिलेंडर रख लिया था। शायद यह गैस सिलेंडर उन्हें किसी को देना था। घटना के बाद परिवार के सदमे में होने की वजह से पुलिस उनसे अभी ज्यादा जानकारी नहीं जुटा पा रही है।

सुनील अग्रवाल की मौत हो गई। वे हुंडई क्रेटा कार में सवार थे, जब अचानक उनकी कार में आग लग गई । सुनील अग्रवाल कदमा के विजया हेरीटेज अपार्टमेंट में रहते थे और जेके लक्ष्मी सीमेंट के सीएनएफ एजेंट थे। इससे पहले वे अंबुजा सीमेंट के सीएनएफ एजेंट भी रह चुके हैं।

घटनास्थल पर जली कार • फोटोन न्यूज

पुलिस जांच में सामने आएंगे कई तथ्य

इस घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें कार जलती नजर आ रही है, लेकिन यह नहीं दिख रहा कि कारोबारी ने बाहर निकलने की कोशिश की हो। इससे कई सवाल उठने लगे हैं—आखिर उन्होंने दरवाजा क्यों नहीं खोला? क्या वे बेहोश हो चुके थे या उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला?

घटनास्थल के पास का नहीं मिला सीसीटीवी फुटेज

घटना को लेकर इलाके में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या आसपास के लोगों ने बचाव के प्रयास किए थे। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह पता चल सके कि कहीं यह कोई साजिश तो नहीं थी। पुलिस को सुनील अग्रवाल के कदमा स्थित विजया हेरीटेज से निकलने का सीसीटीवी फुटेज मिला है। मगर, पुलिस को घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज अब तक नहीं मिला है। पुलिस को घटनास्थल के पास अब सीसीटीवी कैमरे नहीं मिल पाए हैं। फिलहाल प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह एक दुर्घटना ही लग रही है, लेकिन पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

परिवार में छा गया मातम

सुनील अग्रवाल के बेटे मुंबई में एक बड़ी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि बेटी अमेरिका में रहती हैं। जैसे ही परिवार को घटना की जानकारी मिली, विजया हेरीटेज सोसाइटी में मातम छा गया। जानने वालों के मुताबिक, सुनील अग्रवाल बेहद हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। शनिवार को शहर लौटे थे और रात को आदित्यपुर स्थित मोटल मधुबन में अपने दोस्तों से मुलाकात की थी।

हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, जांच करने एमजीएम पहुंची डालसा की पूरी टीम

PHOTON NEWS JSR: एमजीएम अस्पताल में मेडिसिन वार्ड का कॉरिडोर गिरने के मामले में हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। झारखंड हाई कोर्ट के झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के मार्गदर्शन में डालसा की टीम ने एमजीएम अस्पताल एवं टीएमएच मामले की जांच की। घटनास्थल का दौरा किया, अस्पताल अधीक्षक, उपाधीक्षक और सिविल सर्जन से मिले। घायल मरीज और मृतक के परिजनों से मिलकर जानकारी ली। डालसा की टीम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रभारी) बिमलेश कुमार सहाय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल गौरव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के प्रभारी सचिव अभिषेक प्रसाद, प्रभारी न्यायाधीश सिद्धांत तिग्गा समेत कोर्ट स्टाफ और पीएलवी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रभारी) बिमलेश कुमार सहाय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूरे मामले की रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपी जाएगी। बिमलेश कुमार सहाय ने कहा कि इस दुर्घटना में जख्मी हुए मरीज और मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद होगी। डालसा के मार्फत कैसे और किस तरह पीड़ितों की मदद हो सकती है, इसे हम देखेंगे। वहीं यह भी देखा जा रहा है कि कैसे इतनी बड़ी घटना घटी।

टीएमएच में घायलों से मिले

डालसा टीम घायल सुनील कुमार से मुलाकात की, घटना के बारे में जानकारी ली। डालसा टीम टीएमएच गए तथा रेणुका देवी से मिले, जो वर्तमान में क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती हैं तथा उनका इलाज चल रहा है। चूंकि मृतक तथा एक घायल के परिजन का पता नहीं चल पाया था, इसलिए पीएलवी नागेन्द्र कुमार एवं दिलीप जायसवाल की मदद से जमशेदपुर निवासी के दो मृतकों के परिजनों का पता लगाया गया तथा उन्हें घटना के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। इसके अलावा मृतक श्रीचंद तांती तथा घायल रेणुका देवी में से एक सरायकेला-खरसावां जिले के हैं, इसलिए डीएलएसए सरायकेला के समन्वयक एवं सरायकेला के पीएलवी मुकेश कुमार मिश्रा एवं फागुराम महतो द्वारा उनके परिजनों का भी पता लगाया गया तथा उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी गई।

मानगो में ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, 3 जख्मी

JAMSHEDPUR : मानगो के छोटे पुल पर रविवार की सुबह ऑटो और बाइक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ, जब एक ऑटो साकची से मानगो की ओर जा रही थी और बाइक सवार दो युवक मानगो से साकची की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने टीएमएच भेजा। हादसे में ऑटो में सवार एक युवक को भी चोटें आई हैं। वहीं, ऑटो चालक मौके से ऑटो छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों ही वाहन तेज रफ्तार में थे, और मानगो छोटा पुल के पास मोड़ पर नियंत्रण नहीं रख पाने के कारण टक्कर हो गई। घटना के बाद पुल पर कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

बदले गए पूर्वी सिंहभूम जिले के छह थाना प्रभारी

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने ग्रामीण इलाकों के छह थाना प्रभारियों को बदल दिया है। इनमें पोटका थाना प्रभारी रवि होनहागा को हटाकर गोलमुरी पुलिस लाइन भेजा गया है। उनकी जगह एसआई मनोज मुर्मू को पोटका का नया थानेदार नियुक्त किया गया है। मनोज मुर्मू पूर्व में मानगो थाना में कार्यरत थे। यहां से उन्हें पोटका भेजा गया है। गुड़ाबांदा थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो को हटा कर पुलिस लाइन भेजा गया है और उनकी जगह राजीव कुमार को गुड़ाबंदा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। गोविंदपुर के थाना प्रभारी अशोक कुमार को कमलपुर भेजा गया है। जबकि, कमलपुर के थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर को पुलिस लाइन में योगदान देने के निर्देश दिए गए हैं। अमित कुमार, जो पुलिस लाइन में तैनात थे, उन्हें अब गोविंदपुर थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। शंकर कुशवाहा, जो पुलिस लाइन में कार्यरत थे, अब बहरागोड़ा थाना के नए थानेदार होंगे। उनके स्थान पर पूर्व प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा को पुलिस लाइन भेजा गया है। बमामाईंस थाना में पोस्टेड सुनील कुमार भोक्ता को अब श्यामसुंदरपुर थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि पूर्व प्रभारी अखिलेश कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

एसएसपी किशोर कौशल

सीएम से लेकर मंत्री तक करते रहे दौरा, कभी जर्जर बिल्डिंग की तरफ नहीं दिया गया ध्यान

आखिर कई सालों से क्यों नहीं हो रही थी एमजीएम अस्पताल की मरम्मत

PHOTON NEWS JSR : कोल्हान के सबसे बड़े व 60 साल पुराने महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज-अस्पताल की इमारत की मरम्मत नहीं होती थी। शायद ही किसी को याद हो जब इस बिल्डिंग की मरम्मत हुई हो। इस जर्जर इमारत के लटके हुए छज्जे, उखड़े प्लास्टर वाली छतें और काई लगी दरार वाली दीवारें एमजीएम अस्पताल की बदहाली की कहानी बयां कर रही हैं। एमजीएम अस्पताल के एक डॉक्टर बताते हैं कि साल 2018 में मरम्मत का पैसा आया था। मगर, उसकी भी बंदरबांट कर ली गई। मरम्मत का काम कुछ नहीं हुआ। ब्लड बैंक, गायनी वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड, बर्न वार्ड, ऑर्थो आदि बिल्डिंग अभी जर्जर हैं और किसी भी समय ढह सकती हैं। एमजीएम अस्पताल में 20 साल पहले से छज्जा और छत के प्लास्टर गिरने का सिलसिला चल रहा है। यहां आज भी इमारतों के बाहर छज्जे लटके हुए हैं। कई छज्जे टूट कर लटक रहे हैं, जो अगर गिर जाएं तो नीचे मौजूद लोगों के लिए खतरा है। इन लटक रहे छज्जों को भी नहीं हटाया गया है। यही नहीं, जहां छज्जे टूट गए हैं, वहां उनकी मरम्मत तक नहीं कराई गई है। गायनी वार्ड और चिल्ड्रेन वार्ड की दीवार पर दरारें हैं। इनकी छतों के प्लास्टर उखड़ गए हैं। ऑर्थो वार्ड की दीवारों पर दरारों के साथ काई जमी है। यहां मौजूद मरीज रविवार को हुई घटना के बाद दहशत में हैं। द फोटान न्यूज ने इन मरीजों से बात करनी चाही तो उन्होंने साफ मना कर दिया। बोले न नाम छापिए और ना ही उनकी फोटो लीजिए। अस्पताल प्रबंधन ने मना कर दिया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति से बात नहीं करनी है।

एमजीएम अस्पताल के अन्य जर्जर हिस्से • फोटोन न्यूज

मंत्रियों को क्यों नहीं दिखी जर्जर इमारत

जब रघुवर दास झारखंड के सीएम थे, तो उन्होंने एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण किया था। इसके अलावा, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद सिंह, बन्ना गुप्ता आदि भी एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण करते रहते थे। मगर, किसी ने इमारत की मरम्मत की तरफ ध्यान नहीं दिया। कहा जा रहा है कि अगर इमारत की मरम्मत होती रहती तो यह बिल्डिंग इतनी जर्जर नहीं होती।

दो साल पहले चकाचक हुआ था एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक

बताते हैं कि दो साल पहले एमजीएम अस्पताल के एडमिनिस्ट्रिेटिव ब्लॉक की मरम्मत की गई थी। इस ब्लॉक में ही एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक का चैंबर है। साथ ही इसमें क्लर्क भी बैठते हैं। बताया जा रहा है कि जब भी सरकार ने मरम्मत का पैसा दिया तो उससे प्रशासनिक ब्लॉक को ही संवारा गया। विजया जाधव जब पूर्वी सिंहभूम की डीसी थीं, तो एमजीएम अस्पताल की इमरजेंसी का विस्तार किया गया था। इसके फर्श को ठीक किया गया था। मगर, इमारतों को ठीक करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जबकि, एमजीएम अस्पताल में कुछ नई इमारतों का निर्माण कराया गया।

भवन निर्माण से नहीं कराई गई जांच

नियमानुसार एमजीएम अस्पताल प्रबंधन को जर्जर इमारतों की जांच के लिए भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखना चाहिए था। मगर, कभी अधीक्षक ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। एमजीएम अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि एमजीएम अस्पताल डिमना में बने नए अस्पताल में शिफ्ट होना था। इस वजह से इसकी मरम्मत का काम नहीं हुआ। जबकि, डिमना में नया एमजीएम अस्पताल तो इसी साल बन कर तैयार हुआ है। लोग सवाल कर रहे हैं कि डिमना में तो इसी साल नया अस्पताल बन कर तैयार हुआ है। ऐसे में पुराने अस्पताल की मरम्मत करनी चाहिए थी।

हादसे में तीन की मौत के बाद जांच शुरू

एमजीएम अस्पताल में बिल्डिंग की छत गिरने से तीन मरीजों की मौत में अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सख्त नाराज हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में लोग मौत से बचने के लिए आते हैं। अगर, यहां हादसे में उनकी मौत हो जाए तो यह ठीक नहीं है। सीएम ने देर रात न केवल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पूरे मामले को देखने के लिए भेजा बल्कि, स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के जरिए हालात पर निगाह रखे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो सीएम ने आदेश दिया है कि हर हाल में उन सभी अधिकारियों पर कार्रवाई हो, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

10 साल बाद परिजनों को आई डेविड की याद

एमजीएम अस्पताल में मलबे में दब कर साकची के डेविड जॉनसन की मौत हुई थी। रविवार को डेविड का शव लेने परिजन पहुंचे तो एमजीएम अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि डेविड 10 साल से अस्पताल में था। सफाई कर्मचारी ही उसकी सेवा करते थे। आज जब सरकार ने मुआवजे का एलान कर दिया है तो डेविड के परिजन आ गए हैं। जबकि, अब तक 10 साल से कोई परिजन डेविड की हाल खबर लेने नहीं आता था। सफाई कर्मियों का कहना है कि उन्हें मुआवजे का लालच नहीं है। मगर, वह चाहते हैं कि जब 10 साल तक डेविड की सेवा की है तो अंतिम संस्कार भी वही करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

CHAIBASA : शारदा संगीतालय ने रविवार को पिल्लई हॉल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया, जिसमें बच्चों ने गीत, नृत्य व संगीत से सतरंगी छटा बिखेर दी। कार्यक्रम में गायन में श्रेष्ठ विद्यार्थी सम्मान हिमांशु बिस्वाल, गिटार में अयन दास, मॉडर्न डांस में अन्वी अनीषा सोय एवं परी रॉय, ड्राइंग में सृजिब गिरी को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट सपोर्टिंग पर्सन के लिए देवाशीष चटर्जी, देबोजित राय, शुभंकर घोष, प्रणब दरिपा व राजकुमार सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राम अवतार अग्रवाल के साथ विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गुरमुख सिंह खोखर, राजकुमार सिंह व डॉ. मानोशी सांतरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के निदेशक मानस रॉय, देवाशीष चटर्जी, प्रणब दरिपा, देबोजित राय, आशीष सिन्हा, मुनमुन बोस, विवेक सिन्हा, स्निग्धा दे, सौरभी दत्ता, दीपेश गोप, नेहा बॉस आदि सक्रिय रहीं।

BRIEF NEWS

मेघ गर्जन के साथ हुई बारिश से मौसम हुआ सुहावना

ARARIA : अररिया सहित आसपास के इलाकों में रविवार की शाम मौसम ने अपना मिजाज बदला। मेघ गर्जन के साथ जमकर बारिश हुई।बारिश के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। अचानक शाम पांच बजे के करीब आसमान काले बादलों से घिर गया और मेघ गर्जन के साथ ही तेज बारिश होनी शुरू हो गई।अचानक हुए बारिश से बाजार में भागमभाग की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाजार में मौजूद लोग सुरक्षित स्थानों और दुकानों में घुस कर बारिश से बचाव की। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि बारिश से मक्का का उत्पादन करने वाले किसानों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा और सड़क सहित अन्य स्थानों पर सुख रहे मक्के के दानों को समेटने में लग गए।

अधिकार सेना पार्टी की जिला कमेटी गठित बुंदेल बने अध्यक्ष

NAVADA : नवादा के खादी भंडार के गेस्ट हाउस में रविवार को आजाद अधिकार सेना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरविंद मिश्रा ने बताया कि आजाद अधिकार सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (पूर्व आईपीएस) अमिताभ ठाकुर हैं और आजाद अधिकार सेना पार्टी संपूर्ण भारत में अन्याय अत्याचार शोषण दोहन के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। समाज में सभी को न्याय मिले और क्षेत्र का विकास हो इसके लिए आजाद अधिकार सेना पार्टी सदैव मुस्तैद होकर खड़ा रहेगा। आज की बैठक में जिला कमेटी का भी विस्तार किया गया जिसमें बुन्देल मांझी (पूर्व लोकसभा प्रत्याशी) को जिला अध्यक्ष, सुमंत मिश्र को कार्यकारी अध्यक्ष, दिलीप पांडे को प्रधान महासचिव, प्रशांत तिवारी मीडिया प्रभारी, सुदामा पासवान को संगठन मंत्री, उज्जवल पाण्डेय को सचिव ,बबीता देवी को सचिव, रवि रंजन पांडे को सचिव।

शिकायत नहीं सुनने पर थानाध्यक्ष पर लगा जुर्माना

EAST CHAMPARAN : जिले के पहाड़पुर थाना में एक महिला की शिकायत नहीं सुनने व गलत लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के गंभीर मामले को लेकर जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय ने कारवाई की सिफारिश की है। लोक शिकायत कार्यालय ने थानाध्यक्ष पर 5,000 के जुमार्ने की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है,कि पहाड़पुर के सरैया बरवा गांव की निवासी प्रभावती कुंवर ने थाने में शिकायत दी थी कि कुछ भू- माफियाओं ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। महिला ने पहाड़पुर थाने में दिए आवेदन में जिन लोगों के नाम बताए थे, उन पर केस दर्ज करने के बजाय थानेदार ने किसी और के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी,जिनका इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं था। महिला को इसकी जानकारी एफआईआर की प्रति मिलने के बाद हुई तो वह पूछताछ के लिए थाने गई, लेकिन वहां किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

हिरण्य पर्वत को ईको टूरिज्म हब बनाने के लिए 2.64 करोड़ रुपये की मंजूरी

AGENCY NALANDA : ईको पर्यटन एवं पार्क विकास योजना के अंतर्गत नालंदा वन प्रमंडल के हिरण्य पर्वत पार्क एवं आसपास के क्षेत्रों के उन्नयन कार्यों की शुरूआत रविवार को की गई। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने 2 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि हिरण्य पर्वत को पर्यटन का उत्कृष्ट स्थल बनाकर इसे नालंदा जिले का आकर्षण केंद्र बनाया जाएगा। इस परियोजना के तहत हिरण्य पर्वत से शिव मंदिर तक जाने वाली नई सीढ़ियों का निर्माण, कैफेटेरिया, फाउंटेन, ओपन जिम, विश्वस्तरीय शौचालय, कैंटीन सहित कई आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि आने वाले पर्यटकों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि बिहारशरीफ को सुविधाओं से युक्त और सुंदर शहर के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सोहसराय और आशानगर स्थित सूर्य मंदिर एवं बाबा मणिराम अखाड़ा में आगामी विकास योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भाजपा नेता एवं जिला मीडिया सह प्रभारी सह पूर्व नगर अध्यक्ष अमरेश कुमार ने मंत्री का ध्यान हिरण्य पर्वत क्षेत्र में व्याप्त जल संकट की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि मंसूर नगर से लेकर छोटी पहाड़ी तक नल जल योजना की पाइपलाइन एवं कनेक्शन होते हुए भी दो वर्षों से जल आपूर्ति नहीं हो रही है। नगर आयुक्त को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देने के बावजूद समाधान नहीं हुआ।इस बिषय को गंभीरतापूर्वक लेते हुए मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बिहारशरीफ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर आयुक्त के साथ बैठक कर अविलंब समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा, ताकि बड़ी पहाड़ी, मंसूर नगर और छोटी पहाड़ी के प्रत्येक घरों तक पानी पहुंचे सके।

एंबुलेंस से की जा रही थी तस्करी, 180 किलो गांजा जब्त

नेपाल सीमा पार गांजा के साथ चालक गिरफ्तार

AGENCY ARARIA : भारत नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में गांजा की तस्करी बढ़ गई है। भारत नेपाल के बॉर्डर क्षेत्रो में आए दिन गांजा का खेप पकड़ा जा रहा है। इसके बावजूद भी तस्कर नए हथकंडे और जुगाड़ लगाकर गांजा के खेप की तस्करी में जुट हैं। कभी चार पहिया वाहन तो कभी ट्रक में तहखाना बनाकर गांजा की तस्करी की जा रही है। अररिया जिला का एक एम्बुलेंस सीमा पार नेपाल में 180 किलो गांजा के खेप के साथ पकड़ा गया। वही, सुनसरी जिला पुलिस के एसपी सुमन कुमार तीमिशिना ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शनिवार की देर रात गुप्त सूचना पर सुनसरी जिला पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई। शनिवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर इलाका पुलिस कार्यालय इटहरी, पकली और प्रस्तावित इलाका पुलिस कार्यालय रामधुनी की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में इस क्षेत्र के सभी सड़कों को ब्लॉक कर वाहनों की देर रात जांच शुरू की गई। इसी क्रम में बीआर 38 पी 5414 नंबर के एम्बुलेंस को जांच के दौरान 30 किलो के 6 पैकेट गांजा बरामद किया गया। जिसका कुल वजन 180 किलो था। मामले में एम्बुलेंस के चालक सुनसरी निवासी 25 वर्षीय राज कुमार साह को गिरफ्तार किया गया है। यही, सुनसरी एसपी ने बताया की एम्बुलेंस के मलिक सीमा पार अररिया के बसमतिया के इमाम नामक व्यक्ति का है।

बंद बोरे में मिली महिला की लाश, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

BETIYA : पश्चिम चंपारण ज़िला के मझौलिया में रविवार की सुबह मझौलिया पुलिस ने शेख मंझरिया मन के पास से बोरा में बंद एक महिला के शव को बरामद किया है। इसकी शिनाख्त शेख मंझरिया पंचायत के निवासी प्रमिला देवी के रूप में की गयी है। घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने पत्रकारों को बताया की ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को बोरा में बंद कर शेख मंझरिया धोबिया घाट मन मे फेंक दिया है उन्होंने बताया कि मामले में विवाहिता के जेठ मनोज पासवान को गिरफ़्तार कर लिया गया है। पुलिस उसके पति सनोज पासवान, ससुर योद्धा पासवान और सास को गिरफ्तार करने में जुटी है। ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गये है। एसएचओ ने बताया कि मामले में अभी कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है। बताते चले कि बिगत 01मई से विवाहिता लापता थी।04 मई को धोबिया घाट मन से शब बरामद किया गया। रविवार को सनोज पासवान के बहन की शादी के लिए आज कथा मटकोर है, कल बारात आनेवाली है। घर मे मांगलिक कार्य है, दूसरी तरफ इसी घर की बहू की लाश मिली।इस घटना से सभी आश्चर्यचकित है।

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन

AGENCY EAST CHAMPARAN : महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में फिट इंडिया मिशन के तहत 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ₹फिटनेस का डोज-आधा घंटा रोज₹ जैसे प्रेरणास्पद स्लोगन के साथ विश्वविधालय के गांधी भवन से इंजीनियरिंग कॉलेज तक 5 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर लोगो को स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। रैली की शुरूआत वाणिज्य विभाग के प्रो. शिरीष मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि साइकिलिंग न केवल एक उत्कृष्ट व्यायाम है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का भी बेहतर विकल्प है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रैली में प्रो. शिरीष मिश्रा (वाणिज्य विभाग), प्रो. सुनील दीपक घोड़के (जनसंचार विभाग), एवं प्रो. उमेशा पात्रा (अंग्रेजी विभाग) ने प्रमुख भूमिका निभाई और पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मौके पर बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना और जीवन में फिटनेस को प्राथमिकता देना है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय परिसर में एक सक्रिय, सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सके।

कल नरपतगंज में होगी प्रशांत किशोर की जन उद्घोष रैली

ARARIA : जिले के नरपतगंज आदर्श हाई स्कूल मैदान में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर की रैली 06 मई मंगलवार को होगी, जिसकी तैयारी में जन सुराज के कार्यकर्ता लगे हुए हैं और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी की अपील कर रहे हैं। जन सुराज के युवा नेता सैफ अली खान ने बताया कि 6 मई को नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में दिन के एक बजे जन सुराज पार्टी का जन उद्घोष रैली होगा,जिसमें रैली के मंच से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। सैफ ने कहा कि नरपतगंज सहित प्रदेश की शत प्रतिशत जनता बिहार में नया विकल्प चाहती है। राज्य के लोग अब समझ चुके है की 30-35 सालों से दलगत और जातिगत राजनीति ने बिहार को बर्बाद कर दिया है। प्रशांत किशोर ने जन सुराज के रूप में एक विकल्प बिहार के 13 करोड लोगों को दी है।युवा नेता ने अपने बयान में कहा कि नरपतगंज में प्रशांत किशोर की सभा से कोसी- सीमांचल के विधानसभा क्षेत्रों पर आने वाले दिनों में बड़ा असर दिखेगा। सैफ ने कहा कि नरपतगंज के आदर्श हाई स्कूल मैदान में हजारों की संख्या में लोग प्रशांत किशोर के बिहार को लेकर उनके द्वारा दिए गए विकल्प और बदलाव के मंत्र को आत्मसात करने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचने वाले है और यह रैली ऐतिहासिक होगी।

भागलपुर जदयू की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा हुए शामिल

AGENCY BHAGALPUR : जिला अतिथि गृह के सभागार में रविवार को भागलपुर विधानसभा जदयू की अति महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा सहित अन्य पदधारक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता महानगर जिलाध्यक्ष संजय शाह ने किय। बैठक शुरू होने से पहले राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा का भागलपुर महानगर कमिटी की ओर से स्वागत किया गया। बैठक में मनीष वर्मा ने भागलपुर महानगर जदयू के पदाधिकारी एवं नेताओं से सीधा संवाद किया एवं आगामी चुनाव को लेकर कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार किया। मुख्य रूप से महानगर जदयू द्वारा बनायी गई बूथ कमेटियों पर चर्चा हुई एवं भागलपुर विधानसभा अंतर्गत सभी सेक्टर की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भागलपुर महानगर अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रदेश एवं नगर के पदाधिकारी महानगर प्रवक्ता मौजूद रहे।

गंगा अवतरण दिवस पर सुल्तानगंज की उत्तर वाहिनी गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

AGENCY BHAGALPUR : मां गंगा के अवतरण दिवस के मौके पर रविवार को जिले के सुल्तानगंज के आसपास के इलाकों सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने सुल्तानगंज के पवित्र उत्तर वाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई, जिसके बाद फल, फूल, मिठाई, धूप दीप, अक्षत, चंदन, रोड़ी इत्यादि सामग्रियों से मां गंगा की पूजा अर्चना कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं स्थानीय पंडा पुरोहितों के द्वारा भी पूरे विधि विधान और भक्ति भाव से मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना किया गया। देर शाम मां गंगा के अवतरण दिवस के मौके जाहन्वी गंगा महाआरती के अध्यक्ष पंडित संजीव कुमार झा के

नेतृत्व में सात विद्वान पंडितों के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ बनारस के तर्ज भव्य गंगा महा आरती का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों हजारों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि मां गंगा को संपूर्ण भारत वर्ष में नदियों में सबसे पवित्र और श्रेष्ठ नदी माना जाता है। हिंदू धर्म में मां गंगा को श्रद्धा आस्था और तपस्या का भी प्रतीक भी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि यानी आज के ही दिन भगवान शिव की जटाओं से निकलकर धरती पर मां गंगा अवतरित हुई थी और समस्त पापों को बहाकर ले गई थी।

मेहसी में लीचीपुरम उत्सव समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

EAST CHAMPARAN : विकास और सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था लीचीपुरम उत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मोहब्बत छपरा स्थित सत्याश्रम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन महासचिव सुदिष्ट नारायण ठाकुर द्वारा किया गया। समिति के कोर ग्रुप की इस बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो क्षेत्रीय उन्नति, कृषि विकास, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सांस्कृतिक समृद्धि को नया आयाम देंगे। बैठक में सर्वप्रथम लीची अनुसंधान केंद्र, मुसहरी (मुजफ्फरपुर) के सहयोग से लीची के वैज्ञानिक विकास हेतु एक विशेष कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह

कार्यशाला किसानों को नई तकनीक, रोग नियंत्रण, और लीची उत्पादन को व्यावसायिक स्तर पर बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षित करेगी। जिला प्रशासन के सहयोग से जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) एवं चमकी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों के रोकथाम हेतु एक व्यापक प्रचार-प्रसार और जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। यह कार्यक्रम विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर संचालित किया जाएगा।

बिहार में पहली बार किया जा रहा है इस प्रकार का मेगा आयोजन, होगी प्रतिभा की खोज

भागलपुर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का ऐतिहासिक आगाज

AGENCY BHAGALPUR : भागलपुर में रविवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आगाज तीरंदाजी स्पर्धा से हुई। बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे खेलों के सबसे बड़े राष्ट्रीय आयोजन खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का शुभारंभ आज भव्य रूप से हुा। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन खेलों का विधिवत उद्घाटन किया। बिहार के लिए यह आयोजन न केवल गर्व का विषय है बल्कि राज्य के खेल क्षेत्र को एक नई पहचान देने वाला क्षण भी है।

इस आयोजन में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 से अधिक युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 28 खेलों में 2435 पदकों के लिए मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। पूरे राज्य में खेल भावना का माहौल है और खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर है। खेलों की शुरूआत भागलपुर से हुई, जहां सैंडिस कंपाउंड मैदान में तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए इस मैदान को भव्य रूप से सजाया गया है। देश भर से पहुंचे तीरंदाजी के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम इस आयोजन को खास बना रहा है। भागलपुर में शुरू हुई तीरंदाजी प्रतियोगिता ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को एक शानदार शुरूआत दी है। आयोजकों की बेहतरीन व्यवस्था और खिलाड़ियों की ऊर्जा ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया है। आने वाले दिनों में बिहार के विभिन्न शहरों में अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों को मंच दे रहा है, बल्कि राज्य के खेल संस्कृति को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहा है। उधर भागलपुर खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में कला का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए पेंटिंग कलाकारों की टीम ने आयोजन स्थलों को अपनी खूबसूरत चित्रकारी से जीवंत कर दिया। इस टोली का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ कलाकार गोपाल विश्वास ने बताया कि भागलपुर आकर उन्हें बेहद खुशी हुई और बिहार ने उन्हें सकारात्मक रूप से चौंका दिया है।

नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों की चयन समिति के सदस्य मनोनीत

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज के प्रवीण कुमार और नरपतगंज के जीवनदीप कुमार को नेहरू युवा केंद्र संगठन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक भर्ती योजना के तहत मेरा युवा भारत परियोजना के जिला चयन समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। मनोनयन पर जिला के छात्र युवा सहित सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं ने दोनों को बधाई दिया है। भाजपा नेता प्रवीण कुमार व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक जीवनदीप कुमार के चयन समिति सदस्य के रूप में नामित होने पर अभाविप जिला संयोजक अजित रंजन, विभाग सह संयोजक आकाश श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवम साह, प्रिंस कश्यप, भाजयुमो जिला मंत्री अर्णव सिंह, उमेश राणा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम यादव बुलबुल, नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, विपुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा उपाध्यक्ष प्रताप नारायण मंडल,जिला महामंत्री आकाश राज, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील मिश्रा, धीरज पासवान, रघुनंदन साह, राहिल खान, राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के सुबोध मोहन ठाकुर, शिवानी सिंह, संदीप शर्मा, सत्यवान मालाकार, विभाष झा, वीरेंद्र मेहता, राजप्रकाश चौधरी, चंद्रकला राय, लक्ष्मी रंजन प्रसन्नजीत चौधरी सहित अनेकों युवा व कार्यकताओं ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल का आभार व्यक्त करते हुए मनोनयन का स्वागत किया है।

लड़की को घुमाने के बहाने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

BETIA : पड़ोसी देश नेपाल घूमने के बहाने लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एसएसबी की मानव तस्करी रोधक इकाई ने कार्रवाई कर, आरोपी वैशाली जिले के कटहरा थाने के चपही गांव निवासी, मुन्ना सिंह उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को मेडिकल जांच के बाद पूर्वी चंपारण बालिका गृह भेज दिया गया है। बेतिया पुलिस जिला के बलथर थानाध्यक्ष, नीतीश कुमार ने रविवार को बताया कि इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि गौरोल के एक गांव की लड़की को गांव के ही विकास कुमार ने नेपाल घूमाने का झांसा देकर बुलाया था, किशोरी उसके साथ ट्रेन से निकली, रास्ते में मुन्ना सिंह के मिलने पर, विकास ने नेपाल के वीरगंज में मिलने की बात कह लड़की को ले गया।

भारत व हिंदुओं के प्रति शत्रुता

